अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में दिनांक 3 फरवरी 2022 को आंतरिक शिकायत कमेटी (इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी )के अंतर्गत महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता के मार्गदर्शन में एक बैठक आयोजित की गई ।इस बैठक में आंतरिक शिकायत कमेटी की संयोजिका श्रीमती कमल टंडन, समस्त कमेटी सदस्य डॉ उषा अग्रवाल, डॉ नरेश कामरा ,डॉ गीता गुप्ता डॉ डिंपल, डॉ मीनू अग्रवाल, डॉ रेनू माहेश्वरी, श्रीमती ललिता अरोड़ा एवं बाहरीय सदस्य कानूनी सलाहकार एडवोकेट उमा चौहान ,छात्रा प्रतिनिधि कुमारी आरती, कुमारी पायल उपस्थित थे। महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्राओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से गठित इस कमेटी में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता ने सभी का अभिवादन करते हुए अनेकानेक बहुमूल्य सुझाव दिए ।कोरोना काल में 2 वर्ष तक कोई भी शिकायत दर्ज ना होने पर खुशी जाहिर करते हुए, भविष्य में क्रियान्वयन हेतु अनेक विषयों पर विचार मंथन हुआ। सर्वसम्मति से यौन उत्पीड़न (सेक्सुअल हरासमेंट),जेंडर सेन्सीटाइजेशन इत्यादि ज्वलंत विषयों पर सेमिनार, पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं को महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कराने की सहमति हुई ।साथ ही आगामी सत्र में छात्रों के लिए भी एक सेमिनार आयोजित किया जाएगा जिससे वे महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं व्यावहारिकता को सीखें ।महाविद्यालय की "बाती टीम" के द्वारा इन विषयों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से एवं लघु वीडियो एवं वृतचित्रो के माध्यम से भी जागरूक किया जाएगा। कमेटी संयोजिका श्रीमती कमल टंडन के धन्यवाद ज्ञापन से बैठक की समाप्ति हुई।